अपने शिशु की श्रवण शक्ति जाँच के बारे में मुझे क्या पता होना चाहिए?

श्रवण शक्ति की जाँच सुरक्षित है और आपके बच्चे को इससे चोट नहीं पहुँचती। ज्यादातर शिशु श्रवण शक्ति की जाँच के दौरान सोते हैं।

श्रवण शक्ति की जाँच में लगभग 10 मिनट लगते हैं।

श्रवण शक्ति की जाँच आपका शिशु हल्की आवाज़ें सुन सकता है या नहीं यह देखने के लिए एक तेज़ जाँच है। भाषा सीखने के लिए उन्हें उन आवाज़ों को सुन पाना पड़ेगा।

आप अस्पताल छोड़ें उससे पहले आपको अपने शिशु के परिणाम मिल जाएंगे।

यह सलाह दी जाती है कि सभी परिवार इन 1-3-6 दिशानिर्देशों का अनुसरण करें:

1 **सभी शिशु 1 महीने की उम्र के हों उससे पहले उनकी श्रवण शक्ति जाँच होनी चाहिए।**

3 **ऐसे सभी शिशु जो अपनी शुरुआती नवजात शिशु की श्रवण शक्ति जाँच में पास न हुए हों, उनकी, वे 3 महीने के हों उससे पहले किसी ऑडियोलॉजिस्ट के द्वारा एक नैदानिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए।**

6 **जिन शिशुओं की श्रवण शक्ति में हानि होने का निदान किया गया हो, उन्हें जितना जल्दी हो सके, जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं मिलना शुरू हो जाना चाहिए, लेकिन यह वे अधिकतम 6 महीने के हों तब तो होना ही चाहिए।**

इन दिशानिर्देशों की सलाह बाल रोग विशेषज्ञों की अमेरिकी अकादमी (American Academy of Pediatrics) की शिशु श्रवण शक्ति संबंधी संयुक्त समिति (Joint Committee on Infant Hearing) जो कि शिशुओं के लिए जल्दी श्रवण पहचान और हस्तक्षेप (Early Hearing Detection & Intervention, EHDI) कार्यक्रम का मार्गदर्शन करती है, के द्वारा दी गई है।

अगर अपने शिशु के लिए श्रवण शक्ति जाँचों के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

और जानकारी के लिए: **health.ny.gov/EHDI**

NEW YORK STATE | Department of Health

21570 (Hindi) 11/24